**भा.कृ.अनु.प.-भारतीयसोयाबीनअनुसंधान संस्थान, खंडवारोड, इन्दौर-452001**

**फ़ाइल्क्रमांक: प्रेसनोट/प्रेसवपब्लिसिटी/2022/42**

# भारतीयसोयाबीनअनुसंधानसंस्थान, इंदौरद्वारा “हरघरतिरंगा” अभियानकेअंतर्गतकियागयाजागरूकताकार्यक्रमोंकाआयोजन

देश की स्वतंत्रता के 75वर्ष पूर्ण होन के जश्न के रूप मे भारत सरकार के "आज़ादी का अमृत महोत्सव"पहल के आह्वान पर सम्पूर्ण देश मे “हर घर तिरंगा” अभियान का शुभारंभ किया गया है। इसी पहल के अंतर्गत भा.कृ.अनु.प - भारतीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान, इंदौर द्वारा देश की स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में इस अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।इसके तहत संस्थान द्वारा एक समूह का गठन किया गया जिसका नेतृत्व डॉ बी यू दुपारे द्वारा किया गया, समूह द्वारा श्री राम कॉन्वेंट स्कूल, मुसाखेड़ी, इंदौर के छात्रों को 1947 में हमारे देश की आजादी की वीर गाथा तथा संघर्षों से अवगत करवाया गया। इस अवसर पर उन्होंने छात्रों से 13 से 15 अगस्त तक अपने घरों में झंडा लगाकर देश के प्रति अपनी ज़िम्मेदारी का आह्वान करने का आग्रह किया। डॉ दूपारे ने छात्रों को सम्बोधित कर देश की विविधता को समझाते हुए बतायाकी जिस तरह हमारे देश ने विभिन्न भाषाओं एवं समुदायों को एक सूत्र में बाँधा हुआ है, उसी तरह हम सभी को अपने घरों में राष्ट्रीय ध्वज "तिरंगे"को फहराकर एकजुटता का संदेश देना चाहिए। इसी श्रृंखला मे संस्थान के कर्मचारियों द्वारा तिरंगा जागरूकता वाहन रैली भी निकाली गई जिसका नेत्रत्व संस्थान की निदेशक महोदया द्वारा किया गया साथ ही देश भक्ति के गीतों के माध्यम से शहर के विभिनन क्षेत्रों से यात्रा निकाल कर शहर के नागरिकों को जागरूक किया गया।






आजादी का
अमृत महोत्सव
हर घर तिरंगा
अभियान
CONVENT SCHOOL
INDORE

